प्रेस विज्ञप्ति

मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की प्रेरणा से राज्यपाल सचिवालय के स्टाफ सदस्यों द्वारा आज दिनांक 30.10.2025 को अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के आडिटोरियम में एक नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उक्त नाटक कार्यक्रम में राज्यपाल सचिवालय के पी0एस0ओ0 एवं राजभवन के प्राथमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा श्री कमल सिंह यादव, अनुभाग अधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 के नेतृत्व में प्रस्तुतीकरण किया गया।

उक्त नाटक प्रस्तुतीकरण में सर्वप्रथम **''जहर नहीं, जिन्दगी चुने''** शीर्षक पर प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें सिगरेट, ड्रग्स, पान–मसाला एवं शराब के प्रयोग को पूर्णतया प्रतिबन्धित करने एवं उससे होने वाली शारीरिक तथा मानसिक बीमारियों का सजीव प्रस्तुतीकरण किया गया तथा स्वयं, परिवार, समाज, प्रदेश देश को नशामुक्त रखने हेतु शपथ दिलायी गयी।

राज्यपाल सचिवालय द्वारा उसके पश्चात **''एक दिन, मोबाइल बिन''** शीर्षक पर नाटक का सराहनीय प्रस्तुतीकरण किया गया तथा परिवार एवं समाज को दिन मोबाइल से पृथक रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

राज्यपाल सचिवालय द्वारा अंत में **''रक्षाबन्धन का उपहार''** शीर्षक नामक नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया। नाटक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से समाज से भाई–बहन के अटूट रिश्ते एवं उपहार में देश को नशामुक्त, टी0बी0 मुक्त रखने की सीख दी गयी तथा समाज एवं देश में पर्यावरण संतुलन बनाये रखने हेतु वृक्षरोपण पर ध्यानाकर्षण किया गया। साथ ही छोटी सी छोटी जगह पर वृक्षारोपण कर वन विकसित किये जाने एवं पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने हेतु सराहनीय प्रस्ततीकरण किया गया।

उपरोक्त नाटक प्रस्तुतीकरण पर अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 संजीव मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नाटक कार्यक्रम की सराहना की गयी तथा उनके द्वारा बताया गया कि उक्त नाटक कार्यक्रम के माध्यम से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने एवं समाज तथा देश को नशा मुक्त बनाने और पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के सम्बन्ध में जानकारी का प्रचार–प्रसार होगा और इसका सीधा लाभ समाज, प्रदेश एवं देश के जन–सामान्य को प्राप्त होगा।

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु में विश्वविद्यालय के समस्त संकाय, अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ–साथ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध लखनऊ जनपद के समस्त चिकित्सा, डेंटल, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेजों के छात्र–छात्राओं एवं फैकल्टी द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा कार्यक्रम के आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।